**Marking Scheme**
**Strictly Confidential**
**(For Internal and Restricted use only)**
**Senior School Certificate Examination,2023**

**ECONOMICS (SUBJECT CODE – 030)**

**(PAPER CODE – 58/5/1)**

**General Instructions: -**

| | |
|---|---|
| **1** | You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully. |
| **2** | **“Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its’ leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC.”** |
| **3** | Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one’s own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In class-X, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.** |
| **4** | The Marking scheme carries only suggested value points for the answers<br>These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly. |
| **5** | The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators. |
| **6** | Evaluators will mark( √ ) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS ‘X” be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.** |
| **7** | If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly. |
| **8** | If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly. |
| **9** | If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **“Extra Question”**. |
| **10** | No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once. |
| **11** | A full scale of marks 80(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it. |


ZOLLEGE.in

| | |
|---|---|
| **12** | Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines). |
| **13** | Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:-<br>● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book.<br>● Giving more marks for an answer than assigned to it.<br>● Wrong totaling of marks awarded on an answer.<br>● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page.<br>● Wrong question wise totaling on the title page.<br>● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page.<br>● Wrong grand total.<br>● Marks in words and figures not tallying/not same.<br>● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list.<br>● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.)<br>Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded. |
| **14** | While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks. |
| **15** | Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously. |
| **16** | The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation. |
| **17** | Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words. |
| **18** | The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme. |


ZOLLEGE.in

## अंकन योजना

Senior Secondary School Examination 2023

**अर्थशास्त्र (विषय कोड–030)**

**[Paper Code : 58/5/1]**

अधिकतम अंक: **80**

| प्र.सं | अपेक्षित उत्तर/ मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड क**<br>**समष्टि अर्थशास्त्र** | |
| **1.** | "मुद्रा एक ऐसी सम्पत्ति है, जिसे भविष्य के लिए संग्रहित किया जा सकता है।"<br>दिए गए कथन के आलोक में मुद्रा के कार्य की पहचान करें: (सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) मूल्य मान (b) स्थगित भुगतान का मानक<br>(c) मूल्य का संचय (d) विनिमय का माध्यम<br>**उत्तर. (c) मूल्य का संचय** | **1** |
| **2.** | "अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय मुद्रा के मूल्यह्रास को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक ने खुले बाजार में भारतीय मुद्रा (₹) को क्रय करने का निर्णय लिया है।"<br>यह ________विनिमय दर प्रणाली को इंगित करता है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें)<br>(a) स्थिर (b) नम्य<br>(c) प्रबंधित तिरती (d) हेर-फेर<br>**उत्तर. (c) प्रबंधित तिरती** | **1** |
| **3.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यान से अध्ययन करें:<br>**कथन 1:** किसी द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में, उपभोग व्यय व निवेश व्यय समग्र माँग के दो घटक होते हैं।<br>**कथन 2:** समग्र माँग वक्र सदैव मूलबिंदु से धनात्मक ढाल का होता है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।<br>(b) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।** | **1** |
| **4.** | 'भुगतान संतुलन में 'घाटे' से तात्पर्य ________________ पर अधिकता से है। (सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) चालू खाता भुगतानों की चालू खाता प्राप्तियों<br>(b) पूँजीगत खाता भुगतानों की पूँजीगत खाता प्राप्तियों<br>(c) स्वायत्त भुगतानों की स्वायत्त प्राप्तियों<br>(d) समायोजित भुगतानों की समायोजित प्राप्तियों<br>**उत्तर. (c)स्वायत्त भुगतानों की स्वायत्त प्राप्तियों** | **1** |
| **5.(A)** | कॉलम I व II में दिए गए कथनों में से, सही युग्म (pair) का चयन करें। | |

| | **कॉलम – I** | | **कॉलम – II** |
|---|---|---|---|
| A. | निजी बगीचे में उगाई गई सब्जियाँ | (i) | गैर-विपणन गतिविधि |
| B. | टैक्सी (Taxi) के तौर पर प्रयुक्त कार | (ii) | उपभोक्ता वस्तु |
| C. | एक गृहस्थ द्वारा प्रयुक्त वातानुकूलित यंत्र | (iii) | पूँजीगत वस्तु |
| D. | सरकार द्वारा किसी छात्र को दी जाने वाली छात्रवृत्ति | (iv) | कारक आय |



ZOLLEGE.in

**विकल्प :**

(a) A - (i)　　(b) B - (ii)

(c) C - (iii)　　(d) D - (iv)

**उत्तर. (a) A - (i)** 　　**1**

**(B)** 

**अथवा**

निम्नलिखित तालिका को पूरा करें

| उत्पादक | उत्पादन का मूल्य | मध्यवर्ती उपभोग | मूल्य वृद्धि |
|---|---|---|---|
| कृषक (Farmer) | 2000 | - | 2000 |
| बेकर (Baker) | ..........(i)......... | 2000 | 2000 |
| खुदरा विक्रेता (Retail Seller) | 4,400 | ..........(iii)......... | 400 |
| कुल योग | ..........(ii)......... | 6,000 | ..........(iv)...... |

विकल्प :

(a) 4000, 10400, 4000, 4000　　(b) 4000, 10400, 4000, 4400

(c) 2000, 6000, 6000, 4400　　(d) 4000, 10400, 6000, 4000

**उत्तर. (b) 4000, 10400, 4000, 4400** 　　**1**

**6.(A)** यदि किसी अर्थव्यवस्था में निवेश गुणक 4 तथा स्वायत्त उपभोग ₹ 30 करोड़ हैं, तो प्रासंगिक उपभोग फलन .......... होगा।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

(a) C = 30 + 0.75Y　　(b) C=(-) 30 + 0.25Y

(c) C = 30 + 0.25Y　　(d) C=(-) 30 - 0.25Y

**उत्तर. (a) C = 30 + 0.75Y** 　　**1**

**अथवा**

**(B)** यदि राष्ट्रीय आय में वृद्धि व बचत में वृद्धि बराबर हैं, तो सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मूल्य होगा।

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

(a) इकाई के बराबर　　(b) इकाई से बड़ा

(c) इकाई से कम　　(d) शून्य के बराबर

**उत्तर. (d) शून्य के बराबर** 　　**1**

**7.** निम्नलिखित कथनों का ध्यान से अध्ययन करें:

**कथन 1** : भारत में मुद्रा आपूर्ति (M1) में, वाणिज्यिक बैंकों के पास 'माँग जमा' सम्मिलित नहीं होते हैं।

**कथन 2 :** मुद्रा आपूर्ति (M1) से तात्पर्य, एक विशेष अवधि के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के पास उपलब्ध सम्पत्तियों से है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

(a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(b) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।



ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| | (d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।** | 1 |
| 8.<br>(A)<br><br><br><br><br>(B) | मान लीजिए, एक ब्रिटिश पाउंड (£) का मूल्य, बाजार ताकतों के कारण, ₹ 70 से बढ़कर ₹ 80 हो गया है। इसके अनुसार भारतीय मुद्रा (र) के मूल्य में ............. हुआ है। (सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) मूल्यवर्धन (b) मूल्यह्रास<br>(c) पुनर्मूल्यन (d) अवमूल्यन<br>**उत्तर. (b) मूल्यह्रास**<br>**अथवा**<br>मान लीजिए, राष्ट्र Y की तुलना में राष्ट्र X में मुद्रास्फीति अधिक है। इस संदर्भ में, अन्य बातें समान रहने पर, निम्नलिखित में से किस परिस्थिति के होने की संभावना सर्वाधिक है ?<br>(सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) राष्ट्र X में व्यापार संतुलन अधिशेष<br>(b) राष्ट्र X में व्यापार संतुलन घाटा<br>(c) राष्ट्र X से राष्ट्र Y में निर्यात में वृद्धि<br>(d) राष्ट्र Y में व्यापार संतुलन घाटा<br>**उत्तर. (b) राष्ट्र X में व्यापार संतुलन घाटा** | 1<br><br>1 |
| 9. | निम्नलिखित कथन को पढ़ें - अभिकथन (A) और कारण (R) नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनें :<br>**अभिकथन (A)** : पूर्ण रोजगार से तात्पर्य, अनैच्छिक बेरोजगारी के अभाव से है।<br>**कारण (R)** : पूर्ण रोजगार की स्थिति में, प्रचलित मजदूरी दर पर सभी सक्षम व इच्छुक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है।<br>**विकल्प:**<br>(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(c) अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(d) अभिकथन (A) असत्य है लेकिन कारण (R) सत्य है।<br>**उत्तर. (a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।** | 1 |
| 10. | एक अर्थव्यवस्था में सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) का मूल्य 0.25 है। यदि निवेश में वृद्धि ₹200 करोड़ है, तो आय में वृद्धि का मूल्य क्या होगा?<br>(a) ₹200 करोड़ (b) ₹150 करोड़<br>(c) ₹1,000 करोड़ (d) ₹800 करोड़<br>**उत्तर. (d) ₹800 करोड़** | 1 |


ZOLLEGE.in

**11.** मान लीजिए किसी राष्ट्र में केवल एक वस्तु 'X' का ही उत्पादन होता है। वर्ष 2018 व 2019 में वस्तु X का उत्पादन क्रमशः 100 तथा 110 इकाई था। इन दो वर्षों में वस्तु X का मूल्य क्रमशः ₹50 तथा ₹55 क्रमशः था।

वर्ष 2018 को आधार वर्ष मानते हुए, वर्ष 2019 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में प्रतिशत परिवर्तन की गणना करें।

**उत्तर.**

| वर्ष | उत्पादन (इकाइयों में) | बाजार कीमत (₹ प्रति इकाई) | वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (₹ में) | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 2018 (आधार वर्ष) | 100 | 50 | 5,000 | ½ |
| 2019 (चालू वर्ष) | 110 | 55 | 5,500 | ½ |

**वास्तविक GDP में प्रतिशत (%) परिवर्तन** = $\frac{\text{(वास्तविक GDP में परिवर्तन } (\Delta))}{\text{आधार वर्ष में वास्तविक GDP}} X\ 100$ ½

$= \frac{(5,500 - 5,000)}{5,000} X\ 100$ 1

**= 10%** ½

**(कोई अन्य प्रासंगिक विधि को भी अंक प्रदान किये जाएं)** **3**

**12. (a)** मान्य कारणों द्वारा, उल्लेख करें कि निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य:

(i) विदेशों में निवेश से प्राप्त लाभांश, पूँजी खाते के क्रेडिट पक्ष में दर्ज होता है।

(ii) भारतीय मुद्रा के मूल्यह्रास से भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा।

**उत्तर. (i) असत्य। विदेशों में निवेश से प्राप्त लाभांश को चालू खाते के क्रेडिट पक्ष में दर्ज किया जाता है क्योंकि इससे देश की न तो संपत्ति और न ही देनदारियां प्रभावित होती हैं।** 1 ½

**(ii) सत्य। भारतीय मुद्रा के मूल्यह्रास से भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि वे भारतीय निर्यात शेष विश्व के लिए अपेक्षाकृत सस्ते हो जाते हैं। जिससे भारतीय निर्यात की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बढ़ जाती है।** 1 ½

**(यदि कारण गलत या नही दिया गया है तो कोई अंक नहीं दिया जाए)**

**अथवा**

**(b)** स्वायत्त लेनदेन व समायोजन लेन-देनों में विभेद करें।

**उत्तर. स्वायत्त लेन-देन वे अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन हैं जो भुगतान संतुलन (बीओपी) की स्थिति से स्वतंत्र हैं। ये लेन-देन साधारणतया 'आर्थिक उद्देश्य' के लिए होते हैं। इस तरह के लेन-देनों को भुगतान संतुलन खाते में 'रेखा से ऊपर' के लेन-देन कहा जाता है।** 1 ½

**जबकि;**

**समायोजन लेनदेन वे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक लेनदेन हैं जो भुगतान संतुलन में अधिशेष या घाटे को पूरा करने के लिए (सक्षम अधिकारियों द्वारा) किए जाते हैं। ये लेन-देन किसी भी आर्थिक उद्देश्य से स्वतंत्र होते हैं। इस तरह के लेन-देनों को भुगतान संतुलन खाते में 'रेखा से नीचे' के लेन-देन कहा जाता है।** 1 ½

**3**



ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **13.** | किसी अर्थव्यवस्था में, यदि नियोजित बचत नियोजित निवेश से अधिक है, तो आय, उत्पादन व रोजगार पर इसके संभावित प्रभाव की व्याख्या करें।<br>**उत्तर. जब नियोजित बचत नियोजित निवेश से अधिक होती है, तो इसका यह अर्थ है कि गृहस्थ उस अपेक्षा से कम उपभोग करने की योजना बना रहे हैं, जो फर्मों ने उनसे उपभोग करने की अपेक्षा की थी।**<br>**इससे मालसूची का अनपेक्षित संचय होगा। मालसूची के वांछित/इच्छित स्तर को बनाये रखने के लिए, उत्पादक, उत्पादन को कम कर सकते हैं जिससे रोजगार, उत्पादन और आय स्तर में कमी होती है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | 4 |
| **14.** | 6 अगस्त, 2022 को "The Hindu' में प्रकाशित निम्नलिखित समाचार के अनुसार:<br>"भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो दर में 50 आधार अंकों की वृद्धि की है।"<br>भारतीय रिजर्व बैंक की इस प्रकार की कार्यवाही के पीछे के संभावित कारण व परिणामों की पहचान व व्याख्या करें।<br>**उत्तर. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा रेपो दर में वृद्धि के पीछे अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का कारण हो सकता है।**<br>**यह कदम वाणिज्यिक बैंकों को ब्याज की दरों में वृद्धि करने के लिए बाध्य करता है। यह आम जनता को ऋण लेने के लिए हतोत्साहित करता है। इससे समग्र मांग में कमी आती है और इस प्रकार मुद्रास्फीति में कमी आ सकती है।**<br>**(कोई अन्य प्रासंगिक स्पष्टीकरण को भी अंक प्रदान किये जाएं)** | 1<br><br>3 |
| | | 4 |
| **15.**<br>**(a)** | सरकार के एजेंट व सलाहकार के रूप में केन्द्रीय बैंक की भूमिका की व्याख्या करें।<br>**उत्तर. सरकार के एजेंट के रूप में, केंद्रीय बैंक सरकार की ओर से जमा स्वीकार करता है और भुगतान करता है। उदाहरण के लिए, केंद्रीय बैंक, बॉन्ड, ट्रेजरी बिल आदि जैसी सरकारी प्रतिभूतियाँ जारी करता है। यह इन प्रतिभूतियों के विपणन, रूपांतरण या मोचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ करता है। यह सरकार की ओर से राष्ट्रीय ऋण का प्रबंधन करता है।**<br>**सरकार के वित्तीय सलाहकार के रूप में, केंद्रीय बैंक सरकार को सभी आर्थिक, वित्तीय और मौद्रिक मामलों पर सलाह देता है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए जाए)**<br>**अथवा** | 4 |
| **(b)** | रिवर्स रेपो दर को परिभाषित करें। संक्षेप में व्याख्या करें, किस प्रकार यह उपकरण वाणिज्यिक बैंकों द्वारा की गई साख सृजन को नियंत्रित करता है ।<br>**उत्तर. रिवर्स रेपो दर ब्याज की वह दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपने अधिशेष धन को केंद्रीय बैंक के पास जमा कर सकते हैं।**<br>**वाणिज्यिक बैंकों की साख सृजन क्षमता को नियंत्रित करने के लिए, केंद्रीय बैंक रिवर्स रेपो दर बढ़ा/कम कर देता है। यह वाणिज्यिक बैंकों द्वारा केंद्रीय बैंक को अधिक/ कम धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित करता है, जो वाणिज्यिक बैंकों की उधार देने की क्षमता को कम/ अधिक कर देता है।**<br>**परिणामस्वरूप, वाणिज्यिक बैंकों की साख सृजन क्षमता कम / अधिक हो जाती है।** | 1<br><br>3 |
| | | 4 |


ZOLLEGE.in

**16. (a)(I)** किसी राष्ट्र की राष्ट्रीय आय की गणना करने में निम्नलिखित को किस प्रकार व्यवहार में लाया जायेगा ? मान्य कारण दें।

(i) भारत में विदेशी बैंकों द्वारा अर्जित लाभ ।

(ii) एक फर्म द्वारा अचल परिसंपत्ति के सुधार पर व्यय।

**उत्तर. (i) भारत में विदेशी बैंकों द्वारा अर्जित लाभ को राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह गैरनिवासियों को भुगतान की जाने वाली कारक आय है।** **1 ½**

**(ii) एक फर्म द्वारा अचल संपत्ति के सुधार पर व्यय को राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि यह पूंजी निर्माण का एक हिस्सा है।** **1 ½**

**(II)** मान लीजिए, किसी वित्तीय वर्ष में एक राष्ट्र का बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) ₹ 1,100 करोड़ था। विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय ₹ 100 करोड़, शुद्ध अप्रत्यक्ष कर ₹150 करोड़ तथा राष्ट्रीय आय ₹850 करोड़ थी।

उपरोक्त सूचना के आधार पर मूल्यह्रास के मूल्य की गणना करें।

**उत्तर.**

**राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) = बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{MP}$) -मूल्यह्रास + विदेशों से शुद्ध कारक आय - शुद्ध अप्रत्यक्ष कर** **1 ½**

**850 = 1,100 - मूल्यह्रास + 100 - 150** **½**

**मूल्यह्रास = 1,100 + 100 – 150 – 850** **½**

**मूल्यह्रास = ₹ 200 करोड़** **½**

**6**

**अथवा**

**(b) (I)** "व्यय विधि द्वारा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का आकलन करते समय, पूरा ध्यान राष्ट्र के निवासियों द्वारा किए गए व्यय पर केन्द्रित होता है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दें।

**उत्तर. नहीं, क्योंकि व्यय विधि द्वारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकलन करते समय, एक निश्चित अवधि के दौरान, देश की घरेलू सीमा में सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं पर किये गए कुल व्यय को ध्यान में रखा जाता है, चाहे वह निवासियों द्वारा किया गया हो या गैरनिवासियों द्वारा।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** **3**

**(II)** निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा घरेलू आय की गणना करें:

| क्रम सं. | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | किराया व रॉयल्टी | 1,300 |
| (ii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| (iii) | वेतन व मजदूरी (नकद व प्रकार में) | 1,700 |
| (iv) | निगम कर | 400 |
| (v) | मूल्यह्रास | 400 |
| (vi) | प्रतिधारित आय | 300 |
| (vii) | लाभांश | 400 |
| (viii) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय | (–) 120 |
| (ix) | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 1,400 |
| (x) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 200 |

**उत्तर. घरेलू आय (NDPfc) = (iii) + (i) + (iv) + (vi) + (vii) + (ix)** **1 ½**

**= 1,700 + 1,300 + 400 + 300 + 400 + 1,400** **1**

**= ₹ 5,500 करोड़** **½**


**6**



ZOLLEGE.in

**17.** दिए गए चित्र का सावधानी से अध्ययन करें:

एक वित्त वर्ष के लिए राज्य एवं स्थानीय
निकाय के कर राजस्व के स्रोत




दिए गए चित्र व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

**(a)** चित्र में दी गई मदों को कर/ गैर-कर प्राप्तियों में वर्गीकृत करें ।

**उत्तर. कर प्राप्तियां - व्यक्तिगत आयकर, संपत्ति कर, निगम आयकर और विक्रय एवं सकल प्राप्तियां कर**
**गैर-कर प्राप्तियां - वाहन लाइसेंस फीस और जुर्माना**

**½ x 6 =3**

**(b)** "सरकार ने निर्धनों को शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करने पर अधिक व्यय करना प्रारंभ कर दिया है।"
उपरोक्त कथन के आलोक में, व्याख्या करें कि 'आय की असमानताओं को कम करने के लिए सरकार बजटीय नीतियों का किस प्रकार प्रयोग कर सकती है।

**उत्तर. सरकार की बजटीय नीति के दो आयाम हैं- कराधान और सार्वजनिक व्यय। आय और संपत्ति में असमानताओं को कम करने के लिए, सरकार एक ऐसी व्यय नीति अपना सकती है जो निम्न आय वर्ग के पक्ष में हो। गरीबों को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुफ्त सेवाएं प्रदान करने पर सरकारी व्यय उनकी प्रयोज्य आय को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।**
**परिणामस्वरूप, सरकार अपनी बजटीय नीतियों के माध्यम से आय की असमानताओं को कम कर सकती है।**

**3**

(**पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए**)

**6**

## खण्ड ख
## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** भारत में ब्रिटिश शासन के अंतर्गत, भारतीय कृषि उत्पाद में ............. के कारण गतिहीनता का अनुभव किया गया था।

(a) हस्तशिल्प में कमी
(b) भारतीय सम्पतियों की निकासी
(c) भू-व्यवस्था
(d) रेलवे के आगमन

**उत्तर. (c) भू-व्यवस्था** **1**



ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **19.**<br>**(A)** | प्रथम चरण में आरंभ की गई हरित क्रांति के दौरान उत्पादन केवल ........... तक सीमित था।<br>(सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) अनाज व दालों (b) गेहूं व चावल<br>(c) कपास व जूट (d) ज्वार व बाजरा<br>**उत्तर. (b) गेहूं व चावल** | <br><br><br><br>**1** |
| | **अथवा** | |
| **(B)** | .................. को भारतीय योजना के निर्माता के रूप में जाना जाता है।<br>(a) जवाहरलाल नेहरू (b) पी.सी. महलनोबिस<br>(c) डॉ. मनमोहन सिंह (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद<br>**उत्तर. (b) पी.सी. महलनोबिस** | <br><br><br>**1** |
| **20.**<br>**(A)** | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन 1: 1950 के दशक में चीन में महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति का आरंभ हुआ था।<br>कथन 2: चीन के विकास में मुख्यतः उत्पादन क्षेत्र का योगदान है।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>(a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(b) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।** | <br><br><br><br><br><br><br><br>**1** |
| | **अथवा** | |
| **(B)** | निम्नलिखित में से असत्य कथन की पहचान करें: (सही विकल्प का चयन करें)<br>(a) चीन की आर्थिक वृद्धि दर पाकिस्तान से बेहतर है।<br>(b) पाकिस्तान HDI रैंकिंग में भारत से पीछे है।<br>(c) पाकिस्तान ने 'एकल बालक नीति' का मानदंड अपनाया था।<br>(d) 1991 में भारत ने नवीन आर्थिक सुधारों को अपनाया था।<br>**उत्तर. (c) पाकिस्तान ने 'एकल बालक नीति' का मानदंड अपनाया था।** | <br><br><br><br><br>**1** |
| **21.** | __________ वह शीर्ष संस्था है, जो ग्रामीण ऋण आवश्यकताओं से संबंधित नीति नियोजन व मूल्यांकन करती है।<br>(a) सहकारी ऋण समितियाँ (b) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक<br>(c) स्वयं सहायता समूह (d) नाबार्ड (NABARD)<br>**उत्तर. (d) नाबार्ड (NABARD)** | <br><br><br>**1** |
| **22.** | निम्नलिखित कथन को पढ़े अभिकथन (A) और कारण (R) नीचे दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनें:<br>अभिकथन (A) :1980 के दशक में पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर भारत से अधिक थी।<br>कारण (R) : पाकिस्तान ने निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की बराबर भागीदारी वाली मिश्रित आर्थिक संरचना के मार्ग का अनुसरण किया था।<br>विकल्प:<br>(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य है और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>(c) अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(d) अभिकथन (A) असत्य है लेकिन कारण (R) सत्य है।<br>**उत्तर. (c) अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।** | <br><br><br><br><br><br><br><br>**1** |


ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **23.** | पहचान करें, कि निम्नलिखित में से क्या भारत में मानव पूंजी निर्माण की समस्या से संबंधित है ?<br>(i) प्रतिभा पलायन (ii) निम्न शैक्षणिक मानक<br>(iii) वृद्धिमान जनसंख्या (iv) सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन<br>विकल्प :<br>(a) (i) व (ii) (b) (ii) व (iii)<br>(c) (i), (ii) व (iii) (d) (i) व (iv)<br>**उत्तर. (c) (i), (ii) व (iii)** | **1** |
| **24.** | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :<br>**कथन 1:** विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) नीति के कारण चीन में प्रचुर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का प्रवाह हुआ था।<br>**कथन 2:** चीन का तीव्र औद्योगिक विकास 1981 में उसके आर्थिक सुधारों का परिणाम था।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(b) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।** | **1** |
| **25.** | पहचान करें कि, पर्यावरण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कार्य असत्य है ?<br>(a) संसाधनों की आपूर्ति करना (b) अपशेष समाहित करना<br>(c) भूमि अपक्षण (d) सौंदर्य विषयक सेवाएँ प्रदान करना<br>**उत्तर. (c) भूमि अपक्षण** | **1** |
| **26.** | पहचान करें कि, निम्नलिखित में से 'श्रमिक जनसंख्या अनुपात' की गणना के लिए कौन सा सूत्र सही है ?<br>(सही विकल्प का चयन करें)<br>$(a) \frac{\text{कुल श्रम शक्ति}}{\text{कुल जनसंख्या}} X\ 100$ (b) $\frac{\text{कुल श्रमिक}}{\text{कुल जनसंख्या}} X\ 100$<br>(c) $\frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल श्रम शक्ति}} X\ 100$ (d) $\frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल श्रमिक}} X\ 100$<br>**उत्तर. (b)** $\frac{\text{कुल श्रमिक}}{\text{कुल जनसंख्या}} X\ 100$ | **1** |
| **27.** | निम्नलिखित कथनों का ध्यान से अध्ययन करें:<br>**कथन 1:** चीन की प्रथम पंचवर्षीय योजना 1956 में प्रारंभ हुई थी।<br>**कथन 2:** सोवियत संघ (USSR) का अनुकरण करते हुए भारत व चीन दोनों ने समाजवादी अर्थव्यवस्था मॉडल का चयन किया था।<br>दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:<br>(a) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>(b) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>(c) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>(d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।<br>**उत्तर. (d) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।** | **1** |


ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **28.** | वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों के संदर्भ में, दिए गए चित्र में, धरती की परिस्थिति की व्याख्या करें:<br><br>**उत्तर. दिया गया चित्र "वैश्विक उष्णता" (ग्लोबल वार्मिंग') की पर्यावरणीय चुनौती को दर्शाता है। वैश्विक उष्णता पृथ्वी के निचले वायुमंडल के औसत तापमान में क्रमिक वृद्धि है। यह कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि के कारण होता है। जीवाश्म ईंधन को जलाना और वनों की कटाई वैश्विक उष्णता के प्रमुख कारण हैं। वैश्विक उष्णता ध्रुवीय बर्फ के पिघलने के लिए जिम्मेदार है, जिससे समुद्र का स्तर और तटीय बाढ़ आदि में वृद्धि होती है।**<br>**(कोई अन्य प्रासंगिक स्पष्टीकरण को भी अंक प्रदान किये जायें**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाय)** | 3 |
| **29.**<br>**(a)** | "भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में, एक परिवार के अधिक व्यक्ति कार्यरत होते हैं, फिर भी परिवार की कुल आय सामान्यतः कम होती हैं।" दिए गए कथन में संदर्भित बेरोजगारी की पहचान करें तथा इससे संबंधित विरोधाभास की व्याख्या करें।<br>**उत्तर. दिये गए कथन में "प्रच्छन्न बेरोजगारी" को दर्शाया गया है। सामान्यतया, ग्रामीण भारत में आवश्यकता से अधिक संख्या में लोगों को किसी विशेष कार्य पर नियोजित किया जाता है जिसमे उनका कुल उत्पादन में योगदान नगण्य होता है। अतः उनके श्रम की सीमांत उत्पादकता शून्य हो जाती है। परिणामस्वरूप, परिवार की सकल आय अपेक्षाकृत कम होती है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए )** | 3 |
| | **अथवा** | |
| **(b)** | गरीबों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने में सूक्ष्म साख प्रणाली की भूमिका की व्याख्या करें।<br>**उत्तर. औपचारिक ऋण प्रणाली के अंतर को भरने के लिए सूक्ष्म साख प्रणाली को लाया गया हैं। औपचारिक ऋण वितरण तंत्र को ग्रामीण सामाजिक संरचना में पूरी तरह से एकीकृत नहीं किया जा सका है। गरीब ग्रामीण परिवारों का बड़ा हिस्सा ऋण वितरण तंत्र से वंचित रह जाता है क्योंकि कुछ ऋणाधार (collateral) की आवश्यकता होती थी। सूक्ष्म साख प्रणाली ने इन गरीब परिवारों को रियायती ब्याज दरों पर ऋण प्रदान करके उन्हें औपचारिक ऋण वितरण तंत्र के दायरे में ला दिया है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | 3 |



ZOLLEGE.in

**30.** भारत एवं चीन की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वार्षिक वृद्धि से संबंधित निम्नलिखित सूचना की तुलना व विश्लेषण करें :

**सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि**

| **देश** | **1980-90** | **2015-17** |
|---|---|---|
| भारत | 5.7 | 7.3 |
| चीन | 10.3 | 6.8 |

(स्रोत: Asian Development Bank, Philippines, World Development Indicator-2018)

**उत्तर. दिए गए आंकड़ों से पता चलता है कि चीन ने दी गई अवधि में आर्थिक शक्ति हासिल की है। 1980 के दशक के दौरान जब भारत में 5.7% की विकास दर थी, तब भी चीन दो अंकों की वृद्धि दर को बनाए रखने में सक्षम था।**

**2015-17 की अवधि में चीन की विकास दर औसतन 6.8% तक गिर गई है। 1980 के दशक में भारत की विकास दर कम थी परंतु, 2015-17 की अवधि में 7.3% की औसत वृद्धि दर दर्ज करके वर्तमान में भारत ने विकास दर में अच्छी वृद्धि दर्ज की है।** **4**

**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**

**31. (a) (i)** 'निजीकरण' का अर्थ लिखें।

**उत्तर. निजीकरण का तात्पर्य है, किसी सार्वजनिक उपक्रम के स्वामित्व या प्रबंधन का सरकार द्वारा परित्याग।** **1**

**(ii)** 'आर्थिक सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव हुआ है। टिप्पणी करें।

**उत्तर. भारत में आर्थिक सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्र प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ है क्योंकि कृषि क्षेत्र में विशेषकर आधारभूत संरचना में सार्वजनिक निवेश काफी हद तक कम हो गया है। इसके अतिरिक्त, उर्वरक सब्सिडी को आंशिक रूप से हटाने से उत्पादन की लागत में वृद्धि हुई है, जिसने छोटे और सीमांत किसानों को बुरी तरह प्रभावित किया है। साथ ही, कृषि क्षेत्र का घरेलू बाजार के लिए उत्पादन से निर्यातोन्मुख उत्पादन की ओर स्थानांतरित होने के कारण नकदी फसलों पर ध्यान केंद्रित हुआ है जिससे खाद्यान्नों की कीमतों पर दबाव पड़ा है।** **3**

**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए )**

**अथवा**

**(b)** ब्रिटिश शासन द्वारा आधारभूत संरचना के विकास के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख व व्याख्या करें।

**उत्तर. ब्रिटिश शासन द्वारा आधारभूत संरचना के विकास के पीछे दो मुख्य कारण थे:**

- **सेना का आवागमन - सड़कों का निर्माण मुख्य रूप से भारत में सेना के आवागमन और ग्रामीण इलाकों से निकटतम रेलवे स्टेशन या बंदरगाह तक कच्चा माल लाने के उद्देश्य से किया गया था।** **½+1½**
- **कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए - टेलीग्राफ की शुरूआत करने का उद्देश्य भारत मे कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया गया।** **½+1½**

**(कोई अन्य प्रासंगिक कारण को भी अंक प्रदान किये जाएं)**

**4**


ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **32.** | मान्य कारणों द्वारा उल्लेख करें कि, निम्नलिखित कथन सत्य है अथवा असत्य :<br>(a) उच्च उत्पादकता व उत्पादन मानव संसाधनों में निवेश का परिणाम है।<br>**उत्तर. (a) सत्य। मानव संसाधन में निवेश नवाचार को प्रोत्साहित करता है और नई तकनीक को समाहित करने की क्षमता पैदा करता है। मानव पूंजी निर्माण के स्रोतों जैसे शिक्षा, प्रशिक्षण और अच्छे स्वास्थ्य आदि के माध्यम से प्राप्त तकनीकी कौशल, दिए गए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए श्रम आपूर्ति में मदद करता है। इसलिए, उत्पादकता और उत्पादन बढ़ता है।** | **2** |
| | (b) जनसंख्या में वृद्धि मानव पूंजी निर्माण की गुणवत्ता का कारण नहीं होती है।<br>**(b) असत्य। तेजी से बढ़ती जनसंख्या मानव पूंजी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यह वर्तमान सुविधाओं की प्रति व्यक्ति उपलब्धता को कम करता है जिसके परिणामस्वरूप जीवन की गुणवत्ता में कमी आती है। परिणामस्वरूप, यह विशेष कौशल और ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता में कमी की ओर जाता है।** | **2** |
| | | **4** |
| **33.**<br>**(a)**<br>**(i)** | कृषि विविधीकरण को परिभाषित करें।<br>**उत्तर. कृषि विविधीकरण का संबंध फसल पद्धति में परिवर्तन या कार्यबल का कृषि से, अन्य संबंधित गतिविधियों में स्थानांतरण से है।** | **2** |
| **(ii)** | जैविक कृषि का अर्थ बताएँ । व्याख्या करें कि, यह किस प्रकार धारणीय विकास को प्रोत्साहित करती है ?<br>**उत्तर. जैविक कृषि, खेती की एक ऐसी सम्पूर्ण प्रणाली को संदर्भित करती है जो पारिस्थितिक संतुलन को पुनर्स्थापित करके इसमे सुधार करती है और बचाये रखती है।** | **1** |
| | **जैविक कृषि, खेती की वह प्रणाली है जिसमे खेती के लिए जैविक आगतों जैसे पशु खाद और जैविक खाद के उपयोग पर निर्भर करती है। जैविक उत्पादों का पोषण मूल्य अधिक होता है। यह कीटनाशक मुक्त है जो मिट्टी के संरक्षण में मदद करता है। परिणामस्वरूप, जैविक खेती धारणीय विकास के लिए अनुकूल है।**<br>**अथवा** | **3** |
| **(b)**<br>**(i)** | भारत में स्त्री शिक्षा के प्रोत्साहन की आवश्यकता पर चर्चा करें।<br>**उत्तर. भारत में स्त्रियों के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने की अत्यधिक आवश्यकता है। यह स्त्रीयों की आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक स्थिति में सुधार करने में मदद करता है। स्त्री शिक्षा प्रजनन दर और महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल पर अनुकूल प्रभाव डालती है।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3** |
| **(ii)** | उदाहरण सहित पर्यावरण की अवशोषण क्षमता की व्याख्या करे।<br>**उत्तर. अवशोषण क्षमता का अर्थ है पर्यावरण की अपक्षय को अवशोषित करने की क्षमता। उदाहरण के लिए, विकासशील देशों में उच्च जनसंख्या और समृद्ध उपभोग तथा विकसित देशों के उत्पादन मानकों ने पर्यावरण पर भारी दबाव डाला है। जिससे बहुत से संसाधन विलुप्त हो रहे हैं और उत्पन्न अपशिष्ट पर्यावरण की अवशोषण क्षमता से परे होते जा रहे हैं।**<br>**(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** | **3** |
| | | **6** |


ZOLLEGE.in

| | | |
|---|---|---|
| **34.** | निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा इसके व सामान्य ज्ञान के आधार पर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें:<br>भारत ने विश्व व्यापार संगठन से नियमों में ढील देने का आग्रह किया है, ताकि अपने सार्वजनिक स्टॉक से उन देशों को खाद्यानों का निर्यात किया जा सके जो खाद्य पदार्थों की कमी का सामना कर रहे हैं। भारत खाद्य असुरक्षा को कम करने में सहायता कर सकता है, परन्तु WTO की ओर से इन नियमों में ढील देने में कुछ संकोच है।<br>भारत की वित्त मंत्री ने कहा है कि खाद्य, ईंधन व उर्वरक वैश्विक सार्वजनिक वस्तुएँ हैं तथा विकासशील व उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के लिए इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है । उन्होंने भारत के मुख्य अनुभवों जैसे कृषि उत्पादन में सुदृढ़ लाभ, नागरिक केन्द्रित खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम व एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड योजना जैसे अभिनव वितरण तंत्र, को भी साझा किया।<br>(Source: The Economic Times, July 16, 2022)) | |
| **(a)** | विश्व व्यापार संगठन के किन्हीं दो मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख व व्याख्या करें।<br>**उत्तर. विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के उद्देश्य हैं:** | |
| | • **यह सभी सदस्य देशों को वृहत बाजार तक पहुंच प्रदान करने में मदद करता है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में सभी देशों को समान अवसर प्रदान करता है।** | **2** |
| | • **यह प्रशुल्क तथा गैर प्रशुल्क बाधाओं को हटाकर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार की सुविधा प्रदान करता है।**<br>**(कोई अन्य प्रासंगिक उद्देश्य को भी अंक प्रदान किये जाएँ)** | **2** |
| **(b)** | भारत द्वारा खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए किन्हीं दो कदमों का नाम लिखें।<br>**उत्तर. खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत द्वारा उठाए गए दो कदम हैं:** | |
| | • **कृषि उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि।** | **1** |
| | • **नागरिक केंद्रित खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम**<br>**(कोई अन्य प्रासंगिक बिंदु को भी अंक प्रदान किये जाएँ)** | **1** |
| | | **6** |

* * *



ZOLLEGE.in